दिन–शनिवार दिनांक– 26/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधुबनी जिले में आज छह सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में पुरानी कमला और जीवछ कमला नदी का पुनर्जीविकरण, माता सीता और प्रभु श्री राम के प्रथम मिलन स्थल फुलहर स्थान का पर्यटक स्थल के रूप में विकास कार्य शामिल हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने जयनगर शहीद चौक के पास रेल ओवर ब्रिज और मधुबनी में अंतरराज्यीय बस अड्डे का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब सभी पात्र पत्रकारों को छह हजार रूपये की जगह पन्द्रह हजार रूपये मासिक पेंशन देने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे पत्रकारों की मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रित पति–पत्नी को अब जीवनभर दस हजार रूपये की पेंशन राशि मिलेगी। पहले यह राशि तीन हजार रूपये थी।

———————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय अध्यक्षों का मनोनयन किया है। पार्टी के प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती कांति सिंह को महिला प्रकोष्ठ, सांसद अभय कुशवाहा को युवा प्रकोष्ठ और पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ और सांसद सुधाकर सिंह को किसान प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।

———————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में बारिश में कमी के कारण गंगा, कोसी, गंडक और बूढ़ी गंडक समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गयी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना, मुंगेर और

भागलपुर में घटा है। कहलगांव में भी नदी का जलस्तर कम हुआ है लेकिन खतरे के निशान से ऊपर है। इधर, बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में भी राज्य में सभी प्रमुख स्थानों पर कमी दर्ज की गई है। जबकि खगड़िया में नदी का जलस्तर कमी के बावजूद लाल निशान से लगभग दस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी के जलस्तर में भी गिरावट के बावजूद खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है।

——————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, बक्सर और किशनगंज समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के अन्य भागों में अगले चौबीस घंटों के दौरान आंधी–पानी और वज्रपात की आशंका जताई है। इधर, पटना और आस–पास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाये हुए हैं। कहीं–कहीं तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई है।

——————————————————————

राष्ट्र आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर वर्ष उन्नीस सौ निन्यानवे में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों नमन कर रहा है। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में करगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

——————————————————————

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने करगिल युद्ध जैसा ही अदम्य साहस दिखा कर विजय प्राप्त की। करगिल के द्रास में युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अपने संबोधन में सेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने दुश्मन के आक्रमण के जवाब में आतंकवादी ढांचों को बर्बाद कर दिया। जनरल द्विवेदी ने देश की मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की प्रशंसा भी की।

——————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत देशभर में दस करोड़ से अधिक महिलाओं की सर्विकल कैंसर की जांच की गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि यह उपलब्धि गैर–संचारी रोगों की जांच, रोकथाम और प्रबंधन की जनसंख्या–आधारित पहल का हिस्सा है। मंत्रालय ने बताया कि यह पहल तीस से पैंसठ वर्ष की आयु की महिलाओं को लक्षित करती है।

——————————————————————

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोलकाता–भागलपुर वंदे भारत ट्रेन का विस्तार जमालपुर तक किया जाएगा।

———————————————————————

पश्चिम चांरण के जिला मुख्यालय, बेतिया के पुलिस लाइन सभागार में छिहत्तरवें वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन भाजपा के स्थानीय सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।